Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# फिलहाल कोई भी राशन कार्ड निरस्त नही किया जाएगा

निर्देश

## 60 से अधिक सीटें जीतकर बनेगी भाजपा सरकारः बंशीधर भगत

संवाददाता

बागेश्वर। प्रदेश के शहरी विकास व खाद्य आपूर्ति मंत्री बंशीधर भगत ने कहा कि फिलहाल कोई भी राशन कार्ड निरस्त नही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सस्ता गल्ला विक्रेताओं के ढुलान भाड़े को सरकार शीघ्र ही देने जा रही है। सरकार बेहतर काम कर रही है। सरकार के बेहतर कार्यो की वजह से आगामी विधान सभा चुनावों में भाजपा 60 से अधिक सीटें जीत कर पुनः सरकार बनाएगी।

लोनिवि गेस्ट हाउस में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में भगत ने कहा कि बागेश्वर महायोजना को समाप्त करने के लिए विधायकों से वार्ता हुई है। जिस पर सरकार जल्द ही निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा से वह लोग जा रहे हैं, जो निजी स्वार्थों के चलते भाजपा में आए थे। भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं वाली पार्टी है। सरकार व संगठन मिलकर बेहतर कार्य कर रहे हैं।

सरकार व संगठन के कार्यों के दम पर भाजपा 2022 के चुनाव में साठ से अधिक सीटें जीतकर पुनः सत्ता पर काबिज होगी। सस्ता गल्ला विक्रेताओं की हड़ताल को गैरकानूनी करार देते हुए मंत्री ने कहा कि उन्होने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह एक बार सभी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के साथ बैठक कर उनसे वार्ता करें। अगर सरकार के निर्णय से गल्ला विक्रेता सहमत नहीं होते है तो उन्हें नोटिस जारी कर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाए। उन्होंने कहा कि नगर की सीवर लाइन का प्रस्ताव आया है। जिस पर सरकार के स्तर पर कार्रवाई चल रही है।

त्रुटिपूर्ण राशनकार्ड ठीक करने के लिए सरकार ने सभी पूर्ति अधिकारियों को शिविर लगाकर ठीक करने को निर्देशित किया है। कहा कि फिलहाल सरकार का किसी भी राशन कार्डों को निरस्त करने की योजना नही है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, कुंदन परिहार, जगदीश आर्य, गोपाल किरमोलिया, इंद्र सिंह फर्स्वाण, प्रकाश साह, नगर अध्यक्ष भाजपा रमेश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख पुष्पा आर्य आदि मौजूद थे।

### अल्मोड़ा में नगर क्षेत्र में ही स्वीकृत होंगे भवन मानचित्र

अल्मोड़ा। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को खत्म किए जाने की मांग पर शहरी विकास मंत्री बंशीधर भगत ने तत्काल कार्रवाई की है। उन्होंने शहरी विकास सचिव को अल्मोड़ा और कोटद्वार नगरपालिकाओं को नगर क्षेत्र में ही भवन मानचित्र स्वीकृत करने के अधिकार देने के निर्देश दिए। समिति ने जल्द कार्रवाई नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। गुरुवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने सर्किट हाउस में शहरी विकास मंत्री बंशीधर भगत से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि साढ़े तीन साल से लगातार जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को खत्म करने के लिए आंदोलन किया जा रहा है। लेकिन सरकार ने आज तक इस पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नही की। पूर्व में डीएम से लेकर सीएम तक इस मामले पर पत्राचार किए गए।



## न्यूज डायरी

### कोविड वैक्सीनेशन मेला मनाए जाने को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। जनपद में कोविड वैक्सीनेशन मेला मनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने जिलाधिकारी शिविर कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जनपद में टीकाकरण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं स्मार्ट सिटी परियोजना लि0 के साथ समन्वय कर अभिनव प्रयोग पर मंथन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा टीकाकरण बढाये जाने हेतु जनपद के मुख्य बाजारों, शॉपिंग माल्स में मोबाईल टीमों के माध्यम से टीकाकरण करवाया जाए तथा अधिक से अधिक व्यक्तियों जिनका अभी टीकाकरण नहीं हो पाया है उनको टीकाकरण करने हेतु प्रेरित किया जाए।

### जसपुर में अमेज इनवर्टर और बैटरीज ने नियुक्त किया नया वितरक

**संवाददाता** जसपुर। भारत में सबसे युवा और सबसे तेजी से बढ़ते इन्वर्टर और इन्वर्टर बैटरी ब्रांड अमेज ने जसपुर में अपने वितरण चौनल को और मजबूत बनाने के लिए हरजीत इलैक्ट्रिक वर्क्स के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की। इस पार्टनरशिप के बारे में पावर सॉल्यूशन बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित शुक्ला ने कहा, आरा अमेज के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। उत्तराखण्ड में ब्रांड की यह यात्रा अब तक शानदार रही है और हमारा उद्देश्य मजबूत वितरण चौनल और सर्विस स्टेशनों के जरिए इस क्षेत्र में अपने विकास की क्षमता को और अधिक बढ़ाना है। हम अधिक विकास के लिए नए रास्ते भी तलाश रहे हैं और पूरे भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं।

### टीवीएस मोटर कंपनी ने अपनी टू–व्हीलर रेंज पर पेश की लुभावनी योजनाएं

**संवाददाता** देहरादून। दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों की प्रतिष्ठित निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी आगामी त्योहारों के मद्देनजर उत्तरप्रदेशः उत्तराखण्ड में अपने उपभोक्ताओं के लिए कई आकर्षक योजनाएं लेकर आई है। इन योजनाओं के तहत टीवीएस मोटर के दोपहिया वाहनों की पूरी रेंज को कवर किया गया है। उपभोक्ता उत्तर प्रदेशः उत्तराखण्ड में टीवीएस मोटर की नजदीकी डीलरशिप्स पर जाकर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं और 13,000 तक की बचत के फायदे पा सकते हैं। इसके अलावा, टीवीएस मोटर के उपभोक्ता अग्रणी बैंकों के द्वारा 5 प्रतिशत तक का कैशबैक भी पा सकते हैं। इस योजना के तहत उपभोक्ता 0 प्रतिशत प्रोसेसिंग फीस और 100 प्रतिशत तक कि फंडिंग का लाभ उठा सकते हैं।

## संस्कृति मंत्री महाराज ने लोक कलाकारों के लिए की कई घोषणायें

**संवाददाता** देहरादून। संस्कृति विभाग उत्तराखंड द्वारा लोक कलाकारों को चयनित कर उनको पहचान पत्र जारी करेगा। यह पहचान पत्र लोक कलाकारों को सभी प्रकार की सुविधाएं दिलाने में कारगर सिद्ध होगा। देवभूमि उत्तराखंड के प्रसिद्ध शक्तिपीठ महाकालिंका मंदिर पौड़ी गढ़वाल–अल्मोड़ा के नवनिर्मित मंदिर के उद्घाटन एवं मूर्ति स्थापना के अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने उक्त घोषणा करते हुए लोक कलाकारों के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण घोषणायें भी की।

कार्यक्रम के दौरान संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड के लोक कलाकारों को संस्कृति विभाग द्वारा एक पहचान पत्र जारी किया जाएगा। इस पहचान पत्र में कलाकार का आधार नंबर, आय एवं अन्य सभी प्रकार के विवरण उपलब्ध होंगे। यह पहचान पत्र सभी कलाकारों को हर प्रकार की सुविधाएं दिलाने में बेहद उपयोगी होगा। उन्होंने घोषणा की कि कलाकारों की पहचान ग्राम सभा, ब्लाक एवं नगरपालिका स्तर से होगी, ऐसा करने से जमीनी व पारंपरिक कलाओं से जुड़े वास्तविक कलाकारों की सही पहचान हो पाएगी। कलाकारों को उनकी श्रेणी और कला के अनुसार श्रेणीबद्ध किया जाएगा। महाराज ने कहा कि पहचान पत्र के आधार पर संस्कृति विभाग उत्तराखंड द्वारा चयनित कलाकारों का जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा एवं दुर्घटना बीमा भी करायेगा।



## सीएम ने विधि-विधान से किया कन्या-पूजन

**संवाददाता** देहरदून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को शारदीय नवरात्र की नवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में विधि–विधान से कन्या–पूजन किया। इस दौरान उन्होंने नौ दुर्गा की प्रतीक नौ कन्याओं को भोजन कराया।

# बाल मित्र थाने का शुभारंभ, बच्चों को मिलेगा भयमुक्त वातावरण

**संवाददाता** टनकपुर। कोतवाली में एसपी देवंद्र पींचा ने बाल मित्र थाने का शुभारंभ किया। जिसकी कमान एसआई राधिका भंडारी को सौपी गई है। बाल मित्र थाने के लिए कोतवाली का स्टाफ रखा गया है। यहां ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मी सिविल वर्दी में रहेंगे। बच्चों की काउंसलिंग के लिए भी महिला काउंसलर को तैनात किया गया है।

गुरुवार को बाल मित्र थाने का शुभारंभ करते हुए एसपी ने पुलिस कर्मियों को उनके कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थाने में पीड़ित व आरोपी नाबालिगों को पारिवारिक माहौल प्रदान किया जाएगा। जिससे बच्चे बिना खौफ के स्पष्ट जानकारी



दे सकें और घटना के अनावरण में मदद मिल सके। बताया कि थाने में घर जैसा माहौल देने के लिए बेड, खिलौने आदि की व्यवस्था की गई है।

वहीं अनजाने में चोरी करने वाले बच्चे को दो से तीन बार समझाया जाएगा। इसके बाद भी नहीं मानने पर केस होगा और

बच्चों की काउंसलिंग के लिए भी महिला काउंसलर को तैनात किया गया

बाल अपराधी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के निर्णय के बाद बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

आमतौर पर बाल मजदूरी या फिर मानव तस्करों के चुंगल से छुड़ाए गए बच्चों को इस बाल थाने के माध्यम से सुधारा जाएगा। एसपी ने बाल मित्र थाने में तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी से बाल अपराध रोकने के लिए काम करने के निर्देश दिए। कहा कि समय समय पर थाने को दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे, जिनका अनुपालन करना अत्यंत आवश्यक होगा।

## कैदियों को अभिभावक सौदेबाजी प्रक्रिया के बारे में बताया

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एंव उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ''भारत का अमृत महोत्सव'' के अन्तर्गत विधिक जागरूकता अभियान चलाये हेतु दिये गए निर्देशों के अनुपलन में आज सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल आर के खुलबे, की उपस्थिति में जिला कारागार, देहरादून में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों के लिये जिला कारागार, देहरादून में शिविर का आयोजन किया गया।

सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल द्वारा जिला कारागार, देहरादून में ऐसे सभी विचाराधीन बंदीगण, जिनके मुकदमों का निस्तारण अभिवाक् सौदेबाजी के आधार पर किया जा सकता है, को अभिभावक सौदेबाजी की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उक्त शिविर में यह भी बताया गया कि अभिभावक सौदेबाजी के सम्बंध में धारा 265–क से 265–ठ दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 तक के प्रावधान लागू होते है।